tle: Hon’ble Speaker made valedictory references on the conclusion of the Ninth Session of Twelfth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सत्रहवीं लोक सभा का नौवां सत्र अब अपनी समाप्ति की ओर है । यह सत्र 18 जुलाई, 2022 को आरंभ हुआ तथा 8 अगस्त, 2022 को संपन्न हुआ ।

हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि 18 जुलाई, 2022 को 4 नए सदस्यों द्वारा शपथ लिए जाने के बाद अब सभा में कोई भी स्थान रिक्त नहीं है ।

संसद के दोनों सदनों के माननीय सदस्यों द्वारा भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति श्रीमान् राम नाथ कोविन्द जी को 23 जुलाई, 2022 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में विदाई दी गई ।

भारत गणराज्य की नवनिर्वाचित माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का शपथ ग्रहण समारोह संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 25 जुलाई, 2022 को आयोजित किया गया ।

माननीय सदस्यगण, इस सत्र में कुल 16 बैठकें हुईं, जिनकी कुल अवधि 44 घंटे और 38 मिनट रही ।

इस सत्र के दौरान सभा द्वारा महत्वपूर्ण विधायी एवं अन्य कार्य किए गए । इस सत्र के दौरान, 6 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल मिलाकर 7 विधेयक पारित किए गए । पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक हैं: राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2022; वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022, केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022. वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022 पर 5 घंटे 05 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 39 माननीय सदस्यों ने भाग लिया । माननीय मंत्री जी के उत्तर के बाद विधेयक को सदन द्वारा पारित किया गया ।

सत्र के दौरान, माननीय सदस्यों ने नियम 377 के अधीन 319 मामले तथा अविलंबनीय लोक महत्व के 98 मामले उठाए गए ।

संसद की स्थायी समितियों ने सभा में 41 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए । सत्र के दौरान 46 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए ।

मंत्रियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कुल 47 वक्तव्य दिए गए, जिनमें 2 वक्तव्य उत्तरों में सुधार से संबंधित थे तथा 3 वक्तव्य माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सरकारी कार्य के संबंध में दिए गए ।

सत्र के दौरान संबद्ध मंत्रियों द्वारा 1,641 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया । सभा में मूल्य वृद्धि और भारत में खेलों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में नियम 193 के अंतर्गत दो अल्पकालीन चर्चाएं भी की गईं ।

मूल्य वृद्धि पर चर्चा दिनांक 1 अगस्त, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 32 माननीय सदस्यों द्वारा 6 घंटे 25 मिनट तक चर्चा की गई । यह चर्चा संबद्ध मंत्री के उत्तर के साथ संपन्न हुई । भारत में खेलों को बढ़ावा दिए जाने और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर भी आंशिक चर्चा की गई ।

गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों की बात करें, तो सत्र के दौरान शुक्रवार, 5 अगस्त, 2022 को गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर 92 विधेयक पुर:स्थापित किए गए ।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के अनिवार्य मतदान विधेयक, 2019 पर चर्चा पहले, दूसरे सातवें और आठवें सत्र के दौरान हुई, जो इस सत्र के दौरान 5 अगस्त, 2022 को जारी रही । यह विधेयक 5 अगस्त, 2022 को सभा की अनुमति से वापस लिया गया ।

श्री गोपाल शेट्टी जी के लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2019, नई धारा 29क का अंत:स्थापन पर चर्चा 5 अगस्त, 2022 को आरंभ हुई । इस विधेयक पर चर्चा अगले सत्र में भी जारी रहेगी ।

माननीय सदस्यगण, 27 जुलाई, 2022 को मोजाम्बिक की संसद के अध्यक्ष के नेतृत्व में वहां के संसदीय शिष्टमंडल ने लोक सभा की कार्यवाही को विशेष बॉक्स में बैठकर देखा ।

मैं सभा की कार्यवाही का संचालन करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभारी हूं ।

मैं आप सभी की ओर से प्रेस-मीडिया के मित्रों को भी धन्यवाद देता हूं । इस अवसर पर मुझे सक्षम और विशेषज्ञ सहायता प्रदान करने के लिए मैं महासचिव की सराहना करता हूं ।

मैं सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में संबद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूं ।

17.37 hrs

NATIONAL SONG

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब हम सभी "वन्दे मातरम् की धुन" के लिए खड़े होंगे ।

National Song was played.

17.39 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7455/17/22.

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7456/17/22.

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7457/17/22 and LT 7458/17/22 respectively.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.